


# कमरे में रखी 300 बोरी खाद में ताला बंद कर वितरक हुआ फरार

## तहसीलदार, नायाब तहसीलदार,कृषि विस्तार अधिकारी और पुलिस दल के साथ थाना प्रभारी पहुंचे, कमरा सील,खाद का कल होगा वितरण

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 19 अगस्त, मैहर जिले के अमरपाटन कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र अंतर्गत खजुरी सुखनंदन में वितरक शिवप्रताप कुशवाहा के द्वारा खाद वितरण की शिकायत की गयी। जिस पर कृषि विस्तार अधिकारी अमरपाटन ने वितरक के हां पहुंच कर दिनांक 19अगस्त 25 के दोपहर से खाद वितरण कार्य शुरू कराया जिसमें एक कमरे में लगभग 300 सौ बोरी खाद अघोषित रूप से रखी थी।**

जिस पर वितरक ने चुपचाप ताला बंद कर कृषि विस्तार अधिकारी से तू तू मैं मैं करने लगा तब कृषि विस्तार अधिकारी ने थाना ताला पुलिस और तहसीलदार अमरपाटन को फोन पर जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही मय दल-बल के साथ पुलिस थाना प्रभारी एम.के.मिश्रा और नायब तहसीलदार ताला और तहसीलदार अमरपाटन डॉ.आर.डी.साकेत ने मोर्चा सम्हालते हुए भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा गया कि आज तो वितरक ताला बंद कर भाग गया। सील चपड़ा लगवाया गया है। कल ताला तोड़कर किसानों को शासन रेट पर किसानों के भूमिस्वामित्व रिकॉर्ड देखकर खाद वितरण कराया जायेगा। इस बात से सहमत होकर किसान शांत हो गये और कल का इंतजार कर रहे हैं।वहीं कृषि विस्तार अधिकारी ने कहा कि इस वितरक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जायेगी और यदि रात में सील चपड़ा तोड़ा जाकर खाद गायब की गई तो इसकी भी एफ आई आर पुलिस में दर्ज कराई जायेगी और वितरक का लाइसेंस रद्द कराया जायेगा।



### कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे कोटर समिति प्रबंधक

**कोटर ।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव किसानों के चाहें लाख योजनाएं बनाई हो परन्तु जमीनी स्तर पर नहीं लागू हो रही है, ऐसा ही मामला कोटर सेवा सहकारी समिति का बेलगाम समिति प्रबंधक रत्नेश प्रजापति ने घंटों किसानों को लाइन में खड़ा कर रखा है और खाद देने से मना कर दिया है, अभी हाल ही सतना कलेक्टर ने बयान जारी किया है कि जो अधिकारी कर्मचारी खाद होने के बाद भी किसानों को खाद देने में आनाकानी करते हैं, अधिक कीमत वसूल रहे हैं ऐसे भ्रष्टाचारी समिति प्रबंधक को तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए और एफआईआर दर्ज कराई जाएगी,अब देखना यह होगा कि सतना कलेक्टर कोटर के किसानों को कब तक यूरिया खाद दिलवा पायेंगे, कोटर गांव के किसानों ने उक्त घूसखोर भ्रष्टाचारी समिति प्रबंधक को हटाने की मांग की है, और यदि समय पर खाद नहीं मिलती तो भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले बिशाल अनशन प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी कोटर समिति प्रबंधक रत्नेश प्रजापति व सतना कलेक्टर की होगी।



घंटों लाइन में लगने के बाद भी नहीं वितरण कर रहा यूरिया खाद



# डॉ भरत पाठक हुए सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सतना 19 अगस्त, वन अग्नि की समस्या और पर्यावरण संरक्षण जैसे गंभीर विषय पर केंद्रित 'हिमालय की हृदय विदारक पुकार' का विशेष मंचन नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वांग्नि लघु चलचित्र दिखाया भी गया ।**

इस अवसर पर हरिद्वार सांसद एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया और अपने विचार रखे। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद डॉ.भरत पाठक, डॉ. अपर्णा सोपोरी, शिक्षाविद डॉ. ऋचा सूद, अंतर्राष्ट्रीय एथलीट, पद्मश्री कमलिनी अस्थाना और पद्मश्री नलिनी अस्थाना (विश्व प्रसिद्ध कथक नृत्यांगनाएं) पद्मश्री वसीफ़ुद्दीन डागर द्रुपद गायक, सामाजिक उद्यमी डॉ नंदिता पाठक सहित बड़ी संख्या में हिमालय प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र मिश्रा विशेष संवाददाता दूरदर्शन ने किया ।

महावीर राधा जांगड़ा द्वारा बनायी गई " अ क्राई फ़्रम हिमालया हार्ट " फ़िल्म के स्क्रीनिंग में रहे , ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर बनायी गई फ़िल्म को आए हुए सभी लोगों ने सराहा ।

# चालीस शीशी कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**मैहर 19 अगस्त, नशीली कफ सीरप बेचते हुए एक आरोपी को मां शारदा धाम चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपी के पास से चालीस शीशी नशीला कफ सिरप बरामद किया गया जिसपर कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के लिए सतना भेजा गया है।**

मामला सोमवार को रात का है जहां मां शारदा मंदिर धाम चौकी प्रभारी अरविंद द्विवेदी को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति काली रंग की शर्ट पहने हाथ में झोला लेकर नशीली कफ सीरप बेंच रहा है मामले को गंभीरता से लेते हुए चौकी पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच कर आरोपी युवक की तलाश की जिसके बाद बताए गए स्थान के पास से युवक को पकड़ा गया तलाशी के दौरान 40 शीशी नशीला कफ सीरप जिसकी कुल कीमत 7800 रु की बरामद की गई। जिसके बाद आरोपी मो इजरायल उम्र 36 वर्ष निवासी चिकन मोहल्ला मैहर को गिरफ्तार कर एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को सतना न्यायालय में पेश करने के लिए भेजा गया।



# बिगौड़ी में माहौल बिगाड़ने की कोशिश पर 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**मैहर 19 अगस्त, जिले के ताला थाना क्षेत्र के बिगौड़ी ग्राम में विगत दिवस सकल हिंदू समाज की बैठक का आयोजन किया गया था जिसके बाद नाराज और आक्रोशित लोगों ने अवैध नशे की दुकान को आग के हवाले कर दिया था.**

जिस पर ताला थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 8 लोगों पर नामजद रवि शंकर पटेल, ज्योति तिवारी, गौरव मिश्रा, रमाशंकर तिवारी, निलेश पटेल, संजय तिवारी, रामहित पटेल, छोटे पटेल एवं अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है ।



पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि एक माह पूर्व शिव नारायण तिवारी की हत्या हुई थी इस मामले पर तत्परता दिखाते हुए आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर लिया गया था अभी वह जेल में है घटना के बाद आरोपी के शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा वाले घर को तोड़ा जाए. इस पर तात्कालिक रूप से एसडीएम द्वारा कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया था इस मुद्दे को लेकर लोगों द्वारा एक सभा की गई जहां आक्रोश व्यक्त किया गए कई बाते हुए तत्पश्चात आक्रोशित लोगों द्वारा स्माइल खान के मकान का एक स्ट्रक्चर जहां नशा की दुकान थी जो वर्तमान में खाली था उसके एक हिस्से में आग लगा दी गई थी मौके पर मौजूद पुलिस द्वारा आग बुझाया गया था इसमें किसी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हुई इस पूरे मामले में मैहर जिले के ताला थाना में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है जिसमें 8 नाम जद है और कई अन्य शामिल है ।

बिगौड़ी हत्याकांड को एक माह बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा संतोषजनक कार्रवाई न किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। इसी क्रम में सकल हिंदू समाज के नेतृत्व में हिंदू महापंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से राम नाम संकीर्तन करते हुए लोगों ने जन-जागरण किया। इस दौरान ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने एक अवैध मकान, जिसे सांप्रदायिक हिंसा का केंद्र बताया गया, को मृतक के परिजनों के साथ मिलकर आग लगाने का प्रयास किया। हालाँकि, संगठन से जुड़े सामाजिक लोगों और प्रशासनिक हस्तक्षेप से स्थिति को शांत किया गया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर हालात को काबू में लिया। महापंचायत में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि शासन और प्रशासन द्वारा लगातार बढ़ते हत्याकांड, हिंदू विरोधी गतिविधियों और अवैध अतिक्रमणों पर ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी असंतोष के चलते यह आयोजन किया गया। फिलहाल क्षेत्र में शांति का माहौल है, लेकिन ग्रामीण और समाज के प्रतिनिधि लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



# चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र की तिरंगा यात्रा धूमधाम से निकाली गई

नवभारत न्यूज

**सतना 19 अगस्त, विधानसभा चित्रकूट में विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार के नेतृत्व में सभी मंडल अध्यक्षों के संयोजकत्व में शानदार तिरंगा यात्रा चली। यात्रा में सभी शहीद स्थलों तक पहुंचा गया पांचों मण्डलों की यात्रा को मिलाकर एक हजार से अधिक मोटर साइकिलों, सैकड़ों चार पहिया वाहनों, ट्रेक्टरों ने भाग लिया सभी यात्रायें डीजे गाजे बाजे के साथ निकाली गई ।**

यात्रा बडे गांवों से चलकर बडे गाँवों तक गई , सभी यात्रायें मण्डल मुख्यालयों से निकली , यात्राओं का उत्साह देखते बनता था । स?क किनारे घरों, घरों की छतों से ब? आत्मीय राष्ट्रभाव से लोग देखते रहे, जगह-जगह यात्राओं का स्वागत हुआ , यात्रा में बहुत ही आनंद के साथ अपनेपन और एकता का बोध हुआ। पूरी यात्रा मे राष्ट्रीय नारे भारत माता की जय , बंदे मातरम के उदघोष के साथ राष्ट्रभाव के गीत गाये गये। इस तिरंगा यात्रा की कल्पना देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है जिसे सराहा गया उनके भी नारे लगते रहे। पार्टी कार्यकर्ताओं , नौजवानों ने आम नागरिकों ने, सभी जाति घर्म के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पूरी यात्राओं को शहर, गाँव, पडोस को तिरंगामय करने का श्रेय सभी मण्डलों एवं उनकी टीम को जाता है। चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने सभी जगह यात्रायों की शुरूआत और समापन में यात्रा का उद्देश्य बताया यह भी प्रयास रहा कि सभी यात्रायें किसी ना किसी शहीद स्थलों से शुरू होकर शहीद स्थल में समाप्त हो बहुत ही आकर्षक , दर्शनीय, राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत जन सराहनीय यात्रा की शुक्रिया भी अदा की गई, यात्रा को सफल बनाने में भी सहयोगियों को धन्यवाद दिया गया।

# आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान मानवता की अनुपम मिसाल

नवभारत न्यूज

**मझगवां 19 अगस्त, समाजसेवा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचता आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान एक बार फिर सुर्खियों में है।**

गरीबों के आशियाने बनाने, बेटियों की शादी करवाने,गौ सेवा और हक की लड़ाई में प्रशासन के सामने डटकर खड़े होने वाला यह संस्थान अब जिंदगी और मौत की जंग में भी ढाल बन रहा है।संस्थान के प्रमुख आशुतोष द्विवेदी की निस्वार्थ सेवा और त्वरित कार्रवाई ने दो परिवारों की बुझती उम्मीदों को नई रोशनी दी है। हाल ही में मझगवां की पूर्व सरपंच श्यामबाई वर्मा ने आशुतोष को अपने बेटे की गंभीर हालत और रक्त की कमी की जानकारी दी। पलक झपकते ही आशुतोष ने डॉक्टरों से संपर्क किया और शासकीय 108 वाहन की अनुपलब्धता के बावजूद निजी वाहन की व्यवस्था कर मरीज को सतना जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज शुरू कराने के साथ ही संस्थान द्वारा पूर्व में आयोजित रक्तदान शिविर से उपलब्ध 2 यूनिट रक्त उपलब्ध करवाया गया। जब और रक्त की जरूरत पड़ी,तो आशुतोष ने खुद आगे बढ़कर अपना 25वां रक्तदान किया,और एक गरीब बेटे की सांसों को बुझने से बचा लिया।




लेकिन कहानी यहीं नहीं थमी। रक्तदान के बाद जैसे ही वे बाहर निकले, भरगवां गांव के शंकर सिंह के परिजनों ने भी रक्त की गुहार लगाई आशुतोष ने तुरंत अपने साथी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया,जिससे दूसरी जिंदगी को भी बचाने में सफलता मिली।परिजनों को हौसला देते हुए उन्होंने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की और हर संभव सहायता का वादा किया। आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान की यह अनुपम पहल अब मझगवां ही नहीं,बल्कि पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुकी है,यह संस्थान न केवल जरूरतमंदों के लिए आशा की किरण है, बल्कि समाजसेवा की ऐसी मिसाल है जो हर किसी को प्रेरित करती है।

# नहीं रहे शिक्षक आर बी सिंह

नवभारत न्यूज

**मैहर 19 अगस्त, नगर की ख्यातिलब्ध शैक्षणिक संस्था विवेकानंद विद्यालय मैहर के शिक्षक,महर्षि विद्या मंदिर मैहर के शिक्षक कमलेश सिंह के पिता आर बी सिंह हमारे बीच नहीं रहे।**

लगभग एक सप्ताह से अस्वस्थ श्री सिंह ने सतना से बेहतर इलाज की उम्मीद में जबलपुर जाते समय रास्ते में अमदरा पहुंचें, इसके पहले अंतिम सांस ली। सिंह सर ने विवेकानंद विद्यालय में शिष्यों को शिक्षक ही नहीं माता पिता का स्नेह खुले मन से दिया, यही उनकी लोकप्रियता का गुण था। विवेकानंद विद्यालय से रिटायर होकर नेहरू सेंचुरी स्कूल में आपके द्वारा शिक्षक का दायित्व भी वहन किया गया। उनका अंतिम संस्कार कल दिनांक 20.8.2025 को ग्राम करमऊ में किया जाएगा। आदर्श शिक्षक आर बी सिंह को अंतिम विदाई देने रामनरेश तिवारी, राज ललन मिश्र, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह ,अजय दुबे ,नंदी सर सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# बाबा कंगाल दास आश्रम में रामपुर विधायक ने किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**रामपुर बघेलान 19 अगस्त, जनार्दनपुर स्थित बाबा कंगाल दास आश्रम में आयोजित मानस भंडारे में पहुंच कर विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया ने एक पेड़ मां के नाम लगा कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।**

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि द्वय विद्याधर तिवारी, अशोक सिंह, संजय निगम, सतेंद्र निगम, शिव मोहन सिंह लाला, सुनील सिंह, पवन गौतम, प्रदीप सिंह, दिलीप सोनी, मनोज सिंह, गया प्रसाद तिवारी, शैलेन्द्र निगम,संकल्प निगम , ऋषित निगम, धीरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।



# उषा पयासी को श्रद्धांजलि देने लगा लोगों का तांता

**सतना 19 अगस्त,** गल्ला व्यापारी रहे स्वर्गीय रामभगत पयासी जी की धर्मपत्नी एवम रामपुर बाघेलान से कांग्रेस के प्रत्यासी रहे रामशंकर पयासी की भाभी जी का स्वर्गवास होने पर ग्रह ग्राम पयासी मझियार पहुंचकर लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की . इस दुखद घड़ी में ईश्वर से प्रार्थना कि प्रभु इस संकट की घड़ी में दुखी परिवार को संबल प्रदान करे।श्रद्धांजलि के क्रम में रश्मि सिंह बीरेंद्र सिंह परिहार शत्रुंजय सिंह सुधीर सिंह रमेश शर्मा रमाकांत मिश्रा एवम अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।



# रामलीला मंड़ल घुनवारा मना रहा अपना 70वीं वर्षगांठ

नवभारत न्यूज

**अमदरा- रामलीला मंड़ल घुनवारा, इस वर्ष रामलीला मंचन की 70 वीं वर्षगांठ मना रहा है। विगत वर्षो की भांति 15 अगस्त के दिन रामलीला मंड़ल की बैठक रामलीला स्टेज में सम्पन्न हुई । निर्णय लिया गया कि 13 सितम्बर से रामलीला प्रारम्भ किया जावे।**

आवश्यक सामग्री की खरीद फरोख्त की जावे। उक्त बैठक में संतोष गुप्ता को कार्यवाहक कोषाध्यक्ष का पदभार सौंपा गया। सरपंच श्रीमती अंजू साहू प्रतिनिधि ओम साहू द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। डेकोरेशन के लिए राजेश साहू टेंट हाउस घुनवारा को डेकोरेशन का जिम्मा सौंपा गया।बैठक में अध्यक्ष शुभकरण तोमर, निर्देशक महेन्द्र शर्मा, संचालक पूर्व सरपंच घुनवारा अधिवक्ता गोविन्द मिश्रा ओमप्रकाश त्रिपाठी, सह-निर्देशक अजय शुक्ला, उपाध्यक्ष राजेश्वर सेन, सचिव संतोष त्रिपाठी, ददन प्रसाद तोमर, रामकिंकर गर्ग, अमन सोनी, धीरेन्द्र सूत्रकार, बृजेश सूत्रकार, संतोष सूत्रकार, शैलेन्द्र कर्ण, पुष्पेन्द्र नामदेव, राजा अग्रवाल, हिमांशु सोनी, राहुल सोनी, जय सोनी आदि लोग उपस्थित रहे।



# संदीपनी विद्यालय रामनगर में मनाई गई जन्माष्टमी

नवभारत न्यूज

**रामनगर 19 अगस्त, श्री कृष्ण जन्माष्टमी संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर जिला मैहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।**

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण प्राचार्य सुग्रीव सिंह विसेन व मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती पिंकी पटेल ,विशिष्ट अतिथि रीता मिश्रा, विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर वासुदेव तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया गया ।भगवान श्री कृष्ण की आरती विद्यालय की उच्च माध्यमिक शिक्षिका शीलू चौरसिया व कक्षा 11वीं की छात्रा साक्षी पांडे उनके साथियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया ।मुख्य अतिथि के स्वागत हेतु कक्षा 11वीं की छात्रा साक्षी पांडे उनके साथियों द्वारा मनमोहक गीत प्रस्तुत किया गया कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य संगीत प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में नृत्य विद्या कक्षा 6 वीं की छात्रा गरिमा द्विवेदी ने प्रथम स्थान जो राधा कृष्ण पर आधारित गीत पर नृत्य किया संगीत विद्या में द्वितीय स्थान कक्षा 11 वीं की छात्रा साक्षी पांडे प्रा प्त किया व तृतीय स्थान कक्षा 9 वीं की छात्रा ने प्राप्त किया विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए जो मुख्य अतिथि व सभी दर्शकों का मनमोहित कर लिया। नृत्य विद्या में द्वितीय स्थान कक्षा 11 की छात्रा साक्षी पांडे व , तन्वी लोनी द्वारा कृष्ण राधा बनकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया प्राचार्य व सभी शिक्षक व शिक्षकाओ द्वारा कृष्ण और राधा की बनी प्रतिमूर्ति का आरती तिलक बंदन किया गया कार्यक्रम म माध्यमिक खंड के प्रधानाध्यापक श्रीराम मित्र कुशवाहा व प्राथमिक खंड के प्रधानाध्यापक देवेंद्र बहादुर सिंह द्वारा कृष्ण के जीवन पर सुंदर भाषण प्रस्तुत किया गया आदरणीय प्राचार्य द्वारा नृत्य विद्या में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये छात्रोंओ को राधा कृष्ण की प्रतिमूर्ति व प्रमाण पत्र पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया तथा अन्य सभी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया ।

प्राचार्य द्वारा सभी बच्चों को कृष्ण सुदामा की मित्रता कृष्ण के जीवन भगवत गीता के भगवान श्री कृष्ण के वक्तव्य को विस्तार पूर्वक बताया गया व मनमोहक कार्यक्रम के लिए सभी शिक्षक शिक्षिका व प्यारे बच्चों को धन्यवाद दिया गया। विद्यालय के उच्च माध्यमिक शिक्षिका श्रीमती चेतन कुशवाहा द्वारा मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि तथा सभी अभिभावक का आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम का संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षक राम चरण साहू द्वारा किया गया ।अंत में बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया कार्यक्रम में सभी शिक्षक व शिक्षिका शामिल हुए कार्यक्रम में 500 विद्यार्थी सम्मिलित हुए।



# रमेश सिंह खंगार दुबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 19 अगस्त, अखिल भारतीय खंगार क्षतिय सेवा बिकास गड़कुंदर जिला निवाड़ी मधय प्रदेश पंजीयन सख्या 13163..19 के तहत प्रबंधन समितिकी पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक माता गजानन मंदिर परिषद डबरा गड़कुंदर में किया गया.**

उक्त बैठक में रजिस्टर फॉर्म एवं समिति सागर संभाग सागरके आदेश क्रमांक एन एन 1734/25 को अनुमोदित खंगार क्षतिय समाज सेवा विकास को संशोधित नियमावली के पालन में सगठन के उद्देश्यों को प्राप्त करने एवं संगठन को संपूर्ण भारतवर्ष में विस्ताहेतु ऑल इंडिया अखिल भारतीय स्तर पर खंगार क्षत्रिय समाज को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष पद पर चयन हेतु संगठनके पदाधिकारी एवं सदस्यों की चर्चा केबाद समाज के राष्ट्रीय स्तर के अध्यक्षके रूप रमेश सिंह खंगार को प्रतापपुर ओरछाजिला निवाड़ी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर सर्व समस्या चुना गया है जिसमें निवाड़ी के विधायक अनिलजैन सहित हजारों की संख्यामे लोगों ने यह जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमर सिंह राठौर नेदी.



### उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

**मझगवां ।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जनपद पंचायत मझगवां के सांदीपनि शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मझगवां के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका जायसवाल अध्यक्ष जनपद पंचायत मझगवां एव अनुविभागीय अधिकारी मझगवां , तहसीलदार मझगवां व मुख्य कार्यपालन अधिकारी मझगवां के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जय विरसा मुंडा ग्रामीण विकास एवं शोध समिति बांका को प्रशस्ति पत्र देकर संमानित किया गया।





# श्री गणेश चतुर्थी पर कायस्थ समाज करेगा चित्रकला प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**सतना 19 अगस्त, श्री गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य पर कायस्थ समाज ने चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है।**

उक्ताशय की जानकारी देते हुए आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि, कनिष्ठ वर्ग के लिए बाल गणेश व वरिष्ठ वर्ग के लिए भगवान गणेश जी की विभिन्न रूप विषय पर पेन्टिंग बनाकर प्रतिभागी 27 अगस्त को रात 9 बजे तक समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों के वाट्सऐप नम्बर पर भेज सकते है। दीपक निगम के अनुसार चित्रकला प्रतियोगिता के सुचारू रूप से संचालन की जिम्मेदारी महिला प्रकोष्ठ को दी गई है । आयोजन समिति में श्रीमती निशा खरे, मनीषा अर्गल, अनीता श्रीवास्तव,को शामिल किया गया है। बैठक में विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव दीपक निगम सतीश निगम प्रदीप श्रीवास्तव सुभाष श्रीवास्तव राज श्रीवास्तव सुधीर निगम मौजूद रहे।